हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 अगवानपुर रोड पर ओवरब्रिज के सर्विस रोड का कार्य शुरू



12 विधायक कृष्णा गहलावत ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनीं समस्या



## खबर संक्षेप

### मंदिर से इन्वेंटर-बैटरी सहित अन्य सामान चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बाघड़ु में स्थित मंदिर से इन्वेंटर-बैटरी सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव बाघड़ु निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह गांव का मौजूदा समय में सरपंच है। उन्होंने गांव के बाहर खेडा शिवालय बना रखा है।

### रविंद्र भारद्वाज को बनाया असिस्टेंट गवर्नर

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत रविन्द्र भारद्वाज को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 में 2026-27 के कार्यकाल के लिए असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया गया। रविन्द्र भारद्वाज को यह उपाधि आने वाले डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित गुप्ता द्वारा दी गई। अपने कार्यकाल में रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट रहते हुए रविन्द्र भारद्वाज ने समाज उत्थान के लिये अनेक कार्य किए थे, जिससे प्रभावित होकर गवर्नर अमित गुप्ता ने उन्हें ये जिम्मेदारी प्रदान की। रविन्द्र भारद्वाज ने अमित गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

### कबीर साहेब की जयंती पर शैलजा होंगी मुख्यातिथि

**सोनीपत।** धानक कबीर समाज जागृति मंच की बैठक कालूपुर सोनीपत में मंच के प्रधान हंसराज इष्टकान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संत शिरोमणी संत कबीर साहेब की 628वीं जयन्ती 11 जून को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ. सत्यवीर निर्माण ने बताया कि संत शिरोमणी कबीर साहेब की 628वीं जयन्ती दिनांक 11 जून को गीता भवन मन्दिर सोनीपत में मनाई जा रही है। जिसमें विशेष मुख्य अतिथि सांसद कुमारी शैलजा होंगी।

### बाइकों की भिड़ंत में बुजुर्ग बाइक चालक घायल

**खरखौदा।** बिधलान गांव से बाइक पर खरखौदा आ रहे एक बुजुर्ग और विपरीत दिशा से जा रहे बाइक चालक की आपस में टक्कर हो गई। जिससे बुजुर्ग बाइक चालक घायल हो गया, जो अपनी बेटी की शादी के कार्ड बांटने के लिए घर से निकले था। घायल राजबीर के भतीजे राजू ने अन्य बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। राजू का कहना है कि उसकी चचेरी बहन की शादी है, ऐसे में उसके चाचा राजबीर शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक लेकर खरखौदा की तरफ निकले थे। वह भी अपनी बाइक लेकर खरखौदा जा रहे थे।

---

जिले की मस्जिदों में होगा आयोजन, मुस्लिम समुदाय पारंपरिक तरीके से मनाएगा ईद

# आज मनाई जाएगी ईद-उल अजहा, सभी तैयारियां पूरी

मस्जिद के बाहर सजी दुकानें, फिरनियों, सेवइयां, फैनी व सूखे मेवों की हुई खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुस्लिम समुदाय शनिवार को जिले भर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मनाएगा। जिसके लिये जिले भर की मस्जिदों में तमाम तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-शांति की दुआ मांगी जाएगी। विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने का अलग-अलग समय रहेगा। दूसरी ओर शुक्रवार को ईद की तैयारियों के तहत बाजारों में रौनक बनी रही। विशेषतौर पर मस्जिदों के पास लगने वाले बाजारों में जमकर खरीदारी हुई।

विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को ईद पर्व की व्यवस्थाएं बनाने के साथ लोगों को निमंत्रण देने का दौर जारी रहा। मस्जिदों में नमाज के लिए पहुंचने वाले लोगों के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। ईद पर्व पर नए कपडों के साथ विभिन्न व्यंजन बनाने का भी खास महत्व है। इसको लेकर मस्जिदों के बाहर सेवइयां, रंग-बिरंगी फैनी व मेवे की दुकानें सजी नजर आईं। बाजार में लोगों ने ईद पर्व से जुड़े सामान की खरीदारी की। खासकर रंग-बिरंगी टोपी, कुर्ता पायजामा की मांग ज्यादा रही। वहीं महिलाओं ने बच्चों के लिए खरीदारी की।

### किस मस्जिद में कितने बजे होगी नमाज

| | |
|---|---|
| ▶▶ नूरानी मस्जिद, कुंडली | सुबह 6:00 बजे |
| ▶▶ मामा भांजा मस्जिद, सोनीपत | सुबह 7:00 बजे |
| ▶▶ मदीना मस्जिद, रसोई | सुबह 7:30 बजे |
| ▶▶ फातिमा मस्जिद, कुंडली | सुबह 7:00 बजे |
| ▶▶ नांगल मस्जिद, सोनीपत | सुबह 7:15 बजे |
| ▶▶ ईदगाह मस्जिद, सोनीपत | सुबह 8:30 बजे |

### बुराइयों को त्यागकर भी दे सकते हैं कुर्बानी

रसोई स्थित मदीना मस्जिद के इमाम नसीम कासमी ने बताया कि ईद-उल-अजहा पर्व पर कुर्बानी व दान करने का खास महत्व है। इस दिन कुर्बानी करने वाले लोग इब्राहिम अलेही सलाम की सुन्नत को जिंदा करते हैं। कुर्बानी सिर्फ बकरा ही नहीं, हम अपनी बुराइयों को त्यागकर भी कुर्बानी कर सकते हैं। नमाज अदा कर खुदा के हुकुम की पालना की जाती है। खुले में कुर्बानी न करें, ताकि किसी को ठेस न पहुंचे। अपने वतन हिंदुस्तान सहित तमाम पड़ोसियों व भाईचारे का भी विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने बताया कि ईद-उल-अजहा पर दान का भी विशेष महत्व है, इसलिए अपने हिसाब से जरूरतमंद लोगों को दान करें। यह पर्व हमें मोहब्बत का पैगाम देता है, इसलिए इसे प्यार व मोहब्बत के साथ मिलकर मनाएं।

### दोगुने हो गई बकरे की कीमत

ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर बकरों के दाम बढ़ गए है। करीब 15 दिन पहले 10 से 12 हजार रुपये में बिकने वाले बकरें अब ईद के चलते दोगुनी कीमत तक बिक रहे हैं। साथ ही बकरों की कीमत ऊंचाई व गुणवत्ता के हिसाब से आंकी जाती है। ऐसे में ईद पर्व पर एक-एक बकरे की कीमत 18 से 35 हजार रुपये रहेगी। लोग अपने बजट के हिसाब से उन्हें खरीदेंगे। दूसरी ओर ईद-उल-अजहा पर्व पर अफगानी छुआरे व बनारसी किमामी सेवइयां महक को बढ़ाएंगे। मामा भांजा मस्जिद के बाहर दुकानदार उस्मान ने बताया कि ईद पर्व के लिए चार प्रकार की सेवइयां व तीन तरह का छुहारा मंगवाया गया है। इनकी मांग बढ़ रही है। सेवइयां 90 से 180 रुपये व छुआरा 200 से 300 रुपये किलो तक उपलब्ध है। साथ ही दुकानों पर सूखे मेवे जैसे चिरौंजी, किशमिश, मगज, गोला, छुआरा व सेवइयां, फिरनी, रंग-बिरंगी फैनी को दिल्ली से मंगवाया गया है।

---

# मोर्चा के प्रतिनिधी उपायुक्त से मिला और मूल्यांकनकर्ता समिति के गठन की मांग

■ बिजली ग्रिड लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** लघु सचिवालय पहुंचें भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य।

बिजली ग्रिड लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर दिल्ली के औचंदी बॉर्डर से शुरू हुआ संघर्ष अब जिला स्तर पर प्रशासनिक वार्ता तक पहुंच गया है। किसानों की अगुवाई कर रहे भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी मुख्य मांग मूल्यांकनकर्ता (वैल्यूअर) समिति के गठन को दोहराया है। शुक्रवार को भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त सोनीपत से मुलाकात कर मुआवजा प्रक्रिया को जल्द लागू करवाने और बाजार दर निर्धारण के लिए मूल्यांकनकर्ता समिति के गठन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने ज्ञापन भी सौंपा।

बता दें कि किसानों का यह आंदोलन 13 नवंबर 2023 को दिल्ली देहात के औचंदी बॉर्डर से शुरू हुआ था। इसके बाद हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के किसान एकजुट होकर अपनी कृषि भूमि से गुजर रही पावर ग्रिड लाइनों से हो रहे नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। आंदोलन के दौरान कई बार पुलिस से टकराव हुआ, किसानों पर मुकदमे दर्ज हुए, पर संघर्ष जारी रहा। 11 अप्रैल 2024 को नाहरा गांव में और 21 जुलाई को जंतर-मंतर पर आयोजित महापंचायतों में किसानों ने अपनी आवाज बुलंद की। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब और दहिया चौबीसी के प्रधान उमेश दहिया ने बताया कि आंदोलन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि किसानों को बिना जान-माल की हानि के सरकार से दो बार मुआवजा नीति बनवाने में सफलता मिली। इस अवसर पर मोर्चा के महासचिव रोहतास दलाल, हलालपुर गांव के सरपंच वीरेंद्र दहिया, गढ़ी से सरपंच संजय, संदीप, कविता, सतबीर आदि रहे।

### दो बार बनी मुआवजा नीति

केंद्र सरकार ने 14 जून 2024 को पहली मुआवजा नीति जारी की थी, जिसमें टावर बेस क्षेत्र के लिए 200% और रॉ कॉरिडोर के लिए 30% मुआवजा का प्रावधान था। लेकिन किसानों ने इसे अपर्याप्त बताते हुए आंदोलन जारी रखा। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से हुई बैठक निर्णायक सिद्ध हुई। मंत्री ने किसानों की बात सुनकर 2 फरवरी को औचंदी गांव में खुद पहुंचकर नई नीति बनाने का आश्वासन दिया। 21 मार्च 2025 को केंद्र सरकार ने नई मुआवजा पॉलिसी लागू की, जिसे दिल्ली सरकार ने 8 मई और हरियाणा सरकार ने 2 जून को अपनाया। नई नीति में टावर बेस के नीचे के हिस्से पर 200% और रॉ के लिए 60%, 45% व 30% के अनुसार मुआवजा देने का प्रावधान है। सबसे अहम बात यह कि अब मुआवजा बाजार दरों के आधार पर तय होगा, जिसमें किसानों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

---

# सुमित ने रोमानियाई वाइन समिट में बढ़ाया भारत का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



स्किपर्स इंडिया मार्ककॉन्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुमित अलख ने हाल ही में नई दिल्ली के होटल पुलमैन, एयरोसिटी में आयोजित प्रतिष्ठित रोमानियाई वाइन समिट में भाग लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस समिट का आयोजन भारत में रोमानिया के द्विपक्षीय वाणिज्य मंडलों और इंडियन वाइन अकादमी के संस्थापक सुभाष अरोड़ा द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम में रोमानिया की दुर्लभ व अत्यंत गुणवत्तापूर्ण वाइन का स्वाद चखने और सांस्कृतिक-सामरिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। अलख ने इसे कूटनीति, व्यापार और स्वाद का संगम बताते हुए भारत-रोमानिया सहयोग की नई संभावनाओं की ओर इशारा किया।

# फैक्टरी से शटरिंग की प्लेट चोरी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में फैक्ट्री से शटरिंग की प्लेट चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। कुलदीप नगर पानीपत निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि वह शटरिंग का काम करता है। हाल में उसने गढ़मिरपुर में शटरिंग का कार्य ले रखा है। करीब चार एकड़ जमीन की चारदीवारी के कार्य में लोहे की प्लेट व गाटर घोडी रखी हुई है। जहां से वह कंपनियों में सामान सप्लाई करता हे। करीब पांच दिन पहले गोदाम व दूसरी जगह से प्लेट गायब मिली। जांच की तो करीब डेढ सौ प्लेट चोरी हुई पाई गई। पीड़ित ने बताया कि पहले भी उसकी करीब दो सौ से लेकर तीन सौ प्लेट चोरी हो चुकी थी। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी यशपाल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में सृष्टि दहिया ने सोनीपत का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ी अपने पदक दिखाते हुए।

पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 2 जून से 4 जून तक आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए करीब 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में सोनीपत की सृष्टि योग अकैडमी से तीन खिलाड़ियों ने अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सृष्टि दहिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण (गोल्ड) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक अपने नाम किए। अन्य खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन कर सोनीपत का मान बढ़ाया। इस अवसर पर अकैडमी के प्रशिक्षकों और परिजनों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# जमीनी विवाद को लेकर छोटे भाई की हत्या के दोषी को उम्रकैद

■ अदालत ने दोषी पर 35000 जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना ने गांव रभड़ा में जमीन के हिस्से को लेकर छोटे भाई की तीन गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपये जुर्माना भी किया है।

गांव रभड़ा निवासी आजाद सिंह ने 22 सितंबर, 2020 को सदर थाना गोहाना पुलिस को बताया था कि उनके पास तीन बेटे थे। सबसे बड़ा बेटा जितेंद्र नेत्रहीन है। उसके बाद कृष्ण व सबसे छोटा अमन (26) था। उनका बेटा कृष्ण आपराधिक वारदातों में शामिल रहता है। वह दो साल तक जेल में भी रह चुका है।

आजाद अपने सबसे छोटे बेटे अमन के साथ रहते थे। अमन ने प्रेम विवाह कर रखा था। आजाद ने बताया था कि उनके पास सवा तीन एकड़ जमीन है जिस पर वह छोटे बेटे अमन के साथ मिलकर खेती करते हैं। कृष्ण जेल से आने के बाद अपने हिस्से की जमीन मांग रहा था। आजाद और अमन ने उसे जमीन देने से मना कर दिया था। इस पर कृष्ण छोटे भाई अमन को कई बार जमीन नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे चुका था।

रात करीब आठ बजे जब वह घर से बाहर जा रहे थे तो देखा था कि उनका बेटा अमन गांव में एक ग्रामीण के मकान के बाहर बैठा था। इसी दौरान कृष्ण एक अन्य के साथ आया था तीन गोली मारकर अमन को घायल कर दिया था। बाद में वह भाग गया था। अमन को गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल लेकर गए थे, जहां पर चिकित्सक ने बेटे को मृत घोषित कर दिया था। सदर थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपित कृष्ण को दोषी करार दिया। मामले में शुक्रवार को अदालत ने कृष्ण को उम्रकैद व अलग-अलग धाराओं में 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर नौ माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

# सड़क दुर्घटना में मरे युवक के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे दिग्विजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** परिजनों से बातचीत करते दिग्विजय सिंह चौटाला।

जजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला गोपालपुर पहुंचे और सड़क दुर्घटना में मरे युवक के परिजनों को सांत्वना दी। सप्ताह भर पहले केएमपी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में नितेश की मौत हो गई थी। जजपा नेता ने कहा कि यह क्षति परिवार,समाज व देश के लिए है। जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं को ऐसे परिवारों की भविष्य में सहायता व सहयोग देने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा, हलका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, हल्का किसान सेल अध्यक्ष देवेंद्र दहिया, रोहतास दहिया, सुभाष, महावीर, सोनू , आनंद, रमेश, दिलबाग रोहणा आदि मौजूद रहे।

---

सोनीपत की 14 ट्रेड्स में 26 यूनिट में लागू हुआ डीएसटी मॉडल

# आइटीआई में दाखिले की प्रक्रिया शुरू इस बार ड्यूल सिस्टम पर खास फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राजकीय आइटीआइ में दाखिले की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू कर दी है। विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए जिले की सभी 13 आइटीआइ संस्थानों में हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं, जहाँ इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में सहायता ले सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जून तय की गई है। इस बार दाखिले प्रक्रिया की खासियत यह है कि विभाग ने ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग को प्राथमिकता दी है। यह प्रणाली विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ वास्तविक कार्यस्थल अनुभव भी प्रदान करती है, जिससे वे ज्यादा दक्ष और रोजगार योग्य बनते हैं। सोनीपत आइटीआइ में बड़ा बदलाव किया गया है। अब जिले के 30 यूनिट्स में विद्यार्थियों को ड्यूल ट्रेनिंग का लाभ मिलेगा।

**सीटों में भी बढ़ोतरी:** पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जिले की दो आइटीआइ संस्थाओं में 94 सीटों की वृद्धि की गई है। इसमें सोनीपत आइटीआइ में 60 सीटें और पुरखास आइटीआइ में 30 सीटें बढ़ाई गई हैं। जिलेभर में कुल 5904 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।

### इन ट्रेड्स में हुआ डीएसटी का विस्तार:

| ट्रेड | यूनिट्स की संख्या |
|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 3 |
| मशीनिष्ट | 3 |
| टर्नर | 2 |
| फीटर | 2 |
| टूल एंड डाई | 2 |
| इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | 2 |
| पीपीओ | 2 |
| मैकेनिक डीजल | 2 |
| शीट मेटल, वेल्डर, प्लंबर | 1-1 |
| स्टेनो (हिंदी/अंग्रेजी), पेंटर, मशीनिष्ट ग्राइंडर | 1-1 |
| कुल यूनिट्स | 26 |

### सभी आईटीआई में हेल्प डेस्क स्थापित किए

आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है, लेकिन किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी 13 आईटीआई में हेल्प डेस्क स्थापित कर दिए गए है। विद्यार्थी यहां आकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। -संजय श्योराण, अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट अधिकारी, आईटीआई सोनीपत।

### महिला ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**गन्नौर।** पीपली खेड़ा में मानसिक रूप से परेशान महिला ने घर में बने कमरे के अंदर पंखे से लटककर फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना परिजनों ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी । सूचना मिलने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना के प्रबंधक सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर महिला के मानसिक रूप से परेशान होने पर फांसी लगाने की कार्रवाई की। सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पीपली खेड़ा गांव में 21 वर्षीय शीतल पत्नी सुमित ने मानसिक रूप से परेशानी के चलते अपने घर के अंदर कमरे में लगे पंखे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।




कुत्तों की दृष्टि इंसानों से ज्यादा साफ होती है। लेकिन रंगों में भेद करना उनके लिए कठिनाई का सबब है।


चूहों के गुणा होने की गति इतनी तीव्र है कि वे महज 18 महीनों में 2 लाख से ज्यादा वंशज पैदा कर सकते हैं।

# इन क्षेत्रों में भविष्य में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## चाहिए प्रतिभा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। जब तक कस्टमर को ही बिजनेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

---

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाली कोई भी इनफार्मेशन कहलाती है डाटा

# डाटा साइंस नये जमाने का सबसे ज्यादा चमकता करियर, आने वाला भविष्य इसी का

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में बढ़ती सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के कारण आज के समय में छात्रों के लिए डाटा साइंटिंस्ट बनना बेस्ट करियर ऑप्शन हो सकता है। आज के समय में यह क्षेत्र जॉब और सैलरी के मामले में टॉप 5 में गिना जाता है, वहीं आने वाला भविष्य भी इसी का होगा। अगर आप डाटा साइंटिंस्ट बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज हम आपको देंगे ऐसे टिप्स, जिससे आप इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सके।

### क्या है डाटा

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाले किसी भी तरह की इनफार्मेशन को हम डाटा कह सकते हैं। डाटा की अलग-अलग डेफिनेशन हो सकती है, लेकिन मतलब एक ही होता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मेमोरी में डाटा फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर, गेम्स आदि हो सकते हैं या डाटा ऐसे तथ्य हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के

### डाटा साइंस

डाटा साइंस हम उसे कह सकते हैं जिसके तहत किसी भी डाटा का विश्लेषण कर उसकी जानकारी निकाल सकें। आज के समय में कंप्यूटर विज्ञान का एक हिस्सा है, डाटा साइंस सांख्यिकी गणित, सांख्यिकी, सूचना सिद्धांत, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में सिद्धांतों और तकनीकों का उपयोग करता है।

### डाटा साइंटिंस्ट के स्किल

डाटा साइंटिंस्ट बनने के लिए आपके पास कई स्किल का होना जरूरी है, जिसमें से मुख्य रूप से मैथ, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, अपीयर मैथ से डिग्री व डिप्लोमा जरूरी है। साथ ही आपको सांख्यिकीय मॉडलिंग और व्यवहार्यता की भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा आपको पाइथन, जावॉ, रा, सास, जैसी प्रोगामिंग लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए।

### सीखना जारी रखें

एक डाटा साइटिंस्ट वह है जो कच्चे डाटा से जानकारी निकालना जानता है, और उस जानकारी को व्यवसाय में उपयोग करने योग्य बनाता है। अधिकांश डाटा साइटिंस्ट डाटा इकट्ठा करने और सफाई करने में बहुत समय बिताते हैं, क्योंकि डाटा कभी भी साफ नहीं होता है। अगर आपको भी एक अच्छा डाटा साइटिंस्ट बनना है तो अपने डिग्री प्रोग्राम के दौरान आपने जो स्किल सीखा है, उसका प्रैक्टिस करते रहें।

### जॉब के ऑप्शन

इसका कोर्स करने के बाद आपके लिए कई जॉब ऑप्शन मौजूद हैं। जहां आप इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर टेस्टर, डाटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, सीनियर डाटा ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट और सहायक एनालिस्ट के पद पर काम करके करियर बना सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बहुत चांस हैं। यहां आप बैंक, बीमा कंपनी, ई-कॉमर्स, टेलीकॉम, फाइनेंस, यूटिलिटी, हॉस्पिटल, कंस्ट्रक्शन प्लान, ऑयल या गैस कंपनी, मैन्युफेक्चरिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टेशन जैसी बहुत सी जगहों पर रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

## इस कोर्स में मिलते कई जॉब ऑप्शन



### नौकरी ढूंढते समय रखें ध्यान

आज के समय में हर बड़ी कंपनी को डाटा साइटिंस्ट की जरूरत पड़ती है। पढ़ाई पूरी होने के बाद जब आप नौकरी ढूंढने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि उसी कंपनी में जॉब करें, जिसका मार्केट में नाम हो, इससे जहां आपको अच्छी सैलरी मिलेगी, वहीं कई चीजें सीखने को भी मिलेंगी, यहां से दूसरी कंपनी में जाने पर भी इस कंपनी का नाम आपके काम आएगा।

### बेसिक से शुरूआत करें

यदि आप इस क्षेत्र में अच्छा ज्ञान या अनुभव प्राप्त करने के साथ करियर बनाना चाहते हैं, तो बेसिक से शुरुआत करें, क्योंकि बेसिक से ही आप इस क्षेत्र को अच्छी तरह समझ सकते हैं, यदि आप सीधे एडवांस स्तर को समझना चाहते हैं, तो यह संभव नहीं है। यह आपको आगे चलकर नुकसान ही देगा।

### डिग्री का स्तर बढ़ाएं


डाटा साइटिंस्ट का जॉब जितना अच्छा है, उतना टफ भी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले करीब 88 फीसदी डाटा साइटिंस्ट के पास कम से कम मास्टर डिग्री है, वहीं 46 फीसदी के पास पीएचडी है। डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए बहुत मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

### इन क्षेत्र में लें डिग्री

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आप कंप्यूटर साइंस, सोशल साइंस, फिजिकल साइंस और स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी जॉब के चांस ज्यादा मिलेंगे। अध्ययन के सबसे आम क्षेत्र में गणित और सांख्यिकी 32 फीसदी, है, वहीं कंप्यूटर विज्ञान में 19 और इंजीनियरिंग में 16 फीसदी है। इनमें से किसी भी पाठ्यक्रम में डिग्री आपको बड़े डाटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक स्किल देगी।

---

# इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा



आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय़ में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इसमें अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

### बेस्ट एडिटिंग एप्प

इस फील्ड के लिए कई एडिटिंग एप्प मौजूद हैं। इन में मुख्य रूप से इनशॉट एप, कैनवा, काइन मास्टर, फिल्मोरा आदि हैं। इनको सीखकर हम अपने लिए इस क्षेत्र में काम शुरू कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

---

# आसान करियर सही करियर नहीं, मेहनत रंग लाती है और बेहतर इंसान बनाती है



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया और रील्स ने हमारी जिंदगी को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हर दिन हम इंस्टाग्राम, यूट्यूब या टिकटॉक पर रील्स देखते हैं, जहां लोग रातों-रात स्टार बनते दिखते हैं, लग्जरी लाइफ जीते नजर आते हैं, और आसानी से पैसा कमाते दिखते हैं। लेकिन यह चमक-दमक और तथाकथित ₹आसान पैसा₹ अक्सर एक भ्रामक तस्वीर पेश करता है। सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चमकदार जिंदगी और आसान पैसा अक्सर भ्रामक होता है, और यह आपको गलत रास्ते पर ले जा सकता है। आज के समय में, सोशल मीडिया पर रील्स बनाना और तुरंत मशहूर होने का सपना बहुत आम हो गया है। आप देखते हैं कि लोग कुछ सेकंड की वीडियो बनाकर लाखों फॉलोअर्स और ढेर सारा पैसा कमा रहे हैं।

## कड़ी मेहनत और लगातार काम करने की जरूरत

सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर सफलता पाने के लिए भी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता, और लंबे समय तक लगातार काम करने की जरूरत होती है। जो लोग रील्स बनाकर सफल दिखते हैं, उन्होंने इसके पीछे घंटों मेहनत, प्लानिंग, और असफल प्रयास किए होते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी चमकती हुई जिंदगी दिखाई जाती है, न कि उनके संघर्ष। यह भ्रामक तस्वीर आपको यह सोचने पर मजबूर करती है कि मेहनत के बिना ही सब कुछ हासिल हो सकता है।

**पैसे का भ्रामक लालच :** सोशल मीडिया पर दिखाया जाने वाला पैसा और लग्जरी लाइफ अक्सर एक जाल होता है। बहुत से लोग यह दिखाते हैं कि उन्होंने रील्स बनाकर आसानी से लाखों कमा लिए, लेकिन वे यह नहीं बताते कि

- सोशल मीडिया पर स्थिर आय के लिए सालों की मेहनत लगती है। फॉलोअर्स बढ़ाना, कंटेंट बनाना, और दर्शकों का भरोसा जीतना एक लंबी प्रक्रिया है।
- सभी को सफलता नहीं मिलती। लाखों लोग रील्स बनाते हैं, लेकिन केवल कुछ ही सफल हो पाते हैं। यह एक जोखिम भरा रास्ता है।
- पैसे की चमक अस्थायी हो सकती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, और आज जो लोकप्रिय है, वह कल पुराना हो सकता है। इसके अलावा, कई बार लोग सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। वे किराए की कारों, उधार के कपड़ों, या फर्जी लाइफस्टाइल के जरिए यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत अमीर हैं। यह भ्रामक तस्वीर युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती है, जहाँ वे मेहनत और शिक्षा को छोड़कर तुरंत पैसे कमाने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

**मेहनत ही असली रास्ता है :** सोशल मीडिया पर दिखने वाली आसान सफलता आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकती है कि मेहनत की जरूरत नहीं है। लेकिन सच यह है कि मेहनत ही वह नींव है, जो आपको लंबे समय तक टिकने वाली सफलता देती है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या यहाँ तक कि एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हों, मेहनत के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता। उदाहरण के लिए, कई बड़े यूट्यूबर्स या इंफ्लुएंसर्स, जैसे कि भुवन बाम या कैरी मिनाटी, आज भले ही लाखों कमाते हों, लेकिन उनकी सफलता के पीछे सालों की मेहनत, लगातार कंटेंट बनाना, और असफलताओं से सीखना शामिल है। उन्होंने आसान रास्ता नहीं चुना उन्होंने मेहनत की और अपने कौशल को निखारा।

### रील्स अपने आप में गलत नहीं

**सोशल मीडिया को प्रेरणा के लिए इस्तेमाल करें:** उन लोगों की कहानियाँ देखें, जिन्होंने मेहनत से अपने सपनों को हासिल किया। उनके संघर्ष से प्रेरणा लें।

**रील्स को करियर का आधार न बनाएं :** रील्स बनाना एक शौक या अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है, लेकिन इसे अपनी पूरी जिंदगी का आधार न बनाएँ। एक ठोस करियर के लिए शिक्षा और कौशल जरूरी हैं।

**भ्रामक चमक से बचें:** हर चमकती चीज सोना नहीं होती। सोशल मीडिया पर दिखने वाली लग्जरी लाइफ को सच न मानें।

**समय का सही उपयोग करें:** रील्स देखने में घंटों बर्बाद करने के बजाय, अपने लक्ष्य के लिए पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान दें।

**अपने कौशल को निखारें:** अगर आप सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाना चाहते हैं, तो रचनात्मकता, वीडियो एडिटिंग, और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी चीजें सीखें। यह भी मेहनत माँगता है। मेहनत आपको बेहतर इंसान बनाती है। जब आप मेहनत करते हैं, तो आप न केवल अपने करियर में सफल होते हैं, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनते हैं। मेहनत आपको धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास सिखाती है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली तुरंत सफलता आपको ये गुण नहीं दे सकती।

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

## विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की

# शिवा शिक्षा सदन में पौधरोपण दो साल देखभाल का संकल्प

### प्रक्रिया का उद्देश्य पौधों को जीवित रखना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने न केवल स्कूल परिसर में, बल्कि अपने-अपने घरों में भी पौधे लगाए। इस विशेष वृक्षारोपण अभियान की अनूठी बात यह रही कि सभी प्रतिभागियों ने अगले दो वर्षों तक पौधों की देखभाल का व्यक्तिगत संकल्प लिया है और वे उसकी प्रगति का एनेकडोटल रिकॉर्ड तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल पौधों को जीवित रखना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में दीर्घकालिक प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता और प्रकृति के साथ भावनात्मक जुड़ाव विकसित करना है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से देशज और फलदार पौधों जैसे आम, अमरूद, नींबू और जामुन को प्राथमिकता दी गई, जो न केवल स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए उपयुक्त हैं, बल्कि जैव विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पक्षियों व परागण करने वाले कीटों को भी आकर्षित करते हैं। इन पौधों का चयन उनकी कम जल आवश्यकता, मिट्टी की अनुकूलता व अधिक ऑक्सीजन उत्सर्जन क्षमता को ध्यान में रखते किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, भाषण, नुक्कड़ नाटक और संवाद के माध्यम से जल संरक्षण, प्लास्टिक उन्मूलन, ऊर्जा बचत और जैव विविधता संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय निदेशक अरुण बंसल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल पर्यावरणीय चेतना का विकास होता है, बल्कि बच्चों में जिम्मेदारी व सामाजिक सहभागिता की भावना भी मजबूत होती है।


सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के तहत जागरूकता फैलाते हुए।


सोनीपत। पौधरोपण करते फाउंडेशन के पदाधिकारी सदस्य एवं अतिथिगण।

### शिव मंदिर परिसर में बेलपत्र के पौधे लगाए

सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मंगलम सारथी फाउंडेशन द्वारा बच्चों के साथ मिलकर एक विशेष पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पेड़-पौधों के महत्व को समझाना था। संस्था के संस्थापक लक्की रोहिल्ला ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की संरक्षक सविता एवं संस्था सारथी अजय पांचाल ने बच्चों को पर्यावरण दिवस की महत्ता समझाई व सभी के साथ मिलकर संस्था के प्रांगण एवं निकटवर्ती शिव मंदिर परिसर में बेलपत्र के पौधों का रोपण किया। बच्चों ने भी पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ पौधारोपण में भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका को समझा। इस प्रकार धार्मिक और प्राकृतिक चेतना का समन्वय करते हुए पर्यावरण संरक्षण का एक सुंदर संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संस्था सारथी महक, कनिका, मुस्कान, पलक, शिवम, अरविंद, सुशीला सहित अन्य सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पर्यावरण की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने के साथ किया गया।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं पूर्व मंत्री कविता जैन का स्वागत करते हुए।

### लिटल एंजल्स स्कूल ने जीते तीस पदक

सोनीपत। लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में 43वां ऑपन बैडमिंटन जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस छह दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ मेयर राजीव जैन द्वारा किया गया। समापन समारोह में मुख्यातिथि पूर्व मंत्री कविता जैन, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मुख्य अध्यापिका भारती दत्ता, एडमिन ऑफिसर विवेक कुमार, इवेंट मेनेजर राकेश वर्मा, सैक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन, जगबीर सिंह छिक्कारा व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अध्यापिका भारती दत्ता ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व एडमिन ऑफिसर विवेक कुमार ने प्लान्टर देकर स्वागत किया। यह प्रतियोगिता 1 जून से 6 जून तक विद्यालय के बैडमिंटन कोच हरदीप सरोहा व जगबीर सिंह छिक्कारा की देखरेख में आयोजित की गयी। चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाडियों ने 30 पदक जीतकर अपना व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

### दो महिलाओं सहित 54 ने किया रक्तदान

गोहाना। शुक्रवार को सुखमणि एसोसिएट्स द्वारा पूनम सिनेमा कॉम्पलेक्स में रक्तदान और निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। रक्तदान शिविर में 2 महिलाओं समेत 54 नागरिकों ने रक्तदान किया। सानिध्य बाबा रामगिरी जी महाराज, दुष्यंत डंग और वीना डंग का रहा। अध्यक्षता रिंकू डंग ने की। उन्होंने शिविर में चचेरे भाई सोनू डंग और साले सचिन अदलखा के साथ रक्तदान किया। शिविर में महिला रक्तदाताओं में कविता और ओमवती ने रक्तदान किया। इन सहित शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कमलेश, स्वीन तनेजा, भूपेंद्र, जोगेंद्र सांगवान, अनिल, प्रिंस, नवीन अत्री, कप्तान, अजय, राजीव, जयवीर, सक्षम, ईश्वर सोलंकी, देवेंद्र, रवि, मनोज, वीरेंद्र, पंकज, मोनू, विशाल, तरुण, हैप्पी और विनय ने रक्तदान किया। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनोद शर्मा और उनकी टीम में डॉ. कमलेश कुमार व तकनीशियन जतिन एवं हिमांशु ने सेवाएं देते 122 लोगों के नेत्रों की जांच की।


गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं के साथ आयोजक एवं अतिथि।

### बैंक कर्मचारी से नकदी मोबाइल-कागजात लूटे

सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाहरी के पास स्माल फाइनेंस बैंक कर्मचारियों से हजारों रुपये की राशि, मोबाइल व कागजात लूटने का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने उस पर पिस्तौल की बट से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। राठधाना निवासी अमन शर्मा ने बताया कि वह उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में काम करता है। वह अपने सहकर्मी पानीपत के गांव दिवाना निवासी अमन के साथ दिल्ली के गांव बांकनेर गया था। वह स्कूटी पर थे और उनके सहकर्मी अमन अपनी बाइक पर सवार थे। अमन शर्मा ने बताया कि उनके बैग में 60 हजार रुपये थे। जब वह गांव नाहरी से मल्हा माजरा की तरफ गए तो बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनका पीछा किया।


गोहाना। कार्यक्रमों में किसानों से रूबरू होते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### धान की सीधी बिजाई करने का आह्वान

गोहाना। विकसित कृषि अभियान के तहत शुक्रवार को कथूरा, बनवासा, कैहल्पा और भंडेरी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के साथ आधुनिक कृषि की तकनीकें बताई गई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि रोपाई के माध्यम से धान की फसल तैयार करने पर पानी की लागत बहुत अधिक बढ़ जाती है। इससे भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। पानी की बचत के लिए किसान मशीन की सहायता से धान की सीधी बिजाई करें। उन्होंने कहा कि पानी की बचत बहुत जरूरी है। आज हम पानी बचाएंगे तभी अपने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचेगा। कार्यक्रमों में मत्स्य अधिकारी डॉ. राजेश हुड्डा और पशुपालन विभाग से डॉ. संदीप ने किसानों को अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बीएओ डॉ. संजीत मलिक, एटीएम कृष्ण खासा, अंकेश, अजय और सुरेंद्र मौजूद रहे।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

सोनीपत। बहालगढ़ रोड स्थित सर्विस स्टेशन चलाने वाले युवक पर हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नांगल कलां निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह टीडीआई सिटी रोड पर सर्विस स्टेशन चलाता है। वह 31 मई को सर्विस स्टेशन पर था कि एक कार आकर रूकी। कार में छह युवक सवार थे, जिनमें से दो को वह जानते है। आरोपितो ने उनसे कहा कि खेत के सामने सब्जी का खोखा सरकारी जमीन में रखा हुआ है। वह उसे नहीं हटाएंगे। हमलावरों ने उनसे विवाद कर उन पर डंडों से हमला किया। एक युवक ने हथियार दिखाकर धमकी दी।

### राशि चोरी की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत। सिविल लाइन सोनीपत पुलिस ने व्यक्ति की जेब से हजारों रुपये की राशि चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित किशोर निवासी सिहोरे मध्य प्रदेश हाल में झुग्गी अनाज मंडी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव राजपुर निवासी राजकुवार ने गत 4 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी गांव में दुकान है। वह दुकान के लिए मंडी के पास सामान लेने के लिए आया था।

**सूचना**

मैं, रमेश पुत्र सूरजभान निवासी गांव गढ़ी उजाले खां, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरी पुत्री सोनी मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारीः जगमहेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा गांव में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्लास्टिक का उपयोग न करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। समिति द्वारा गांव में दीवारों पर पर्यावरण संरक्षण के पोस्टर चिपकाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र ने की। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को पहली बार 5 जून 1973 को मनाया गया था। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोल में आयोजित सम्मेलन में की थी। समिति अध्यक्ष ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए बहुत ही घातक है। इसका उपयोग न करके पर्यावरण संरक्षण हम सब की सामुदायिक जिम्मेदारी है। हम प्लास्टिक का उपयोग न करके और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। कुलदीप मेहरा, हिमांशु, मक्कड़, भोला, नन्हा कश्यप, अभिषेक, अंकुश, सोनू और बिजेंद्र सिंह बमहनिया आदि उपस्थित रहे।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**बम्पर इनामी योजना-2025**

नाम............ सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी............
पता............ तहसील ............ पिन............
जिला ............ फोन नं. ............ एजेंट का नाम ............

सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन
मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन

**नियम व शर्तें**

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▸▸| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▸▸| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▸▸| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▸▸| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▸▸| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▸▸| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ▸▸| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▸▸| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▸▸| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▸▸|किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▸▸| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▸▸| हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▸▸| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▸▸| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▸▸| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▸▸| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▸▸| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▸▸| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▸▸| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▸▸| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▸▸| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
सेठी न्यूज एजेंसी, रेलवे रोड, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### मकान से हजारों की नगदी व सोना चोरी

**गन्नौर।** शिवाजी नगर में मलिक धर्म कांटे के पास अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी व लाखों रुपए का सोना चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने चोरी की शिकायत पुलिस को दी पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में शिवाजी नगर निवासी सुमित ने बताया कि 5 जून को सुबह में अपने दफतर पर चला गया और मेरी पत्नी सोनिया ज्ञानदीप स्कूल गन्नौर में मकान का ताला लगाकर बंद करने के बाद बच्चो को पढाने के लिये चली गयी थी। दोपहर को जब मेरी पत्नी सोनिया ने मुझे मोबाईल फोन से बताया कि घर का ताला टुटा हुआ है और समान बिखरा हुआ है ।

### मासिक वैदिक सत्संग समारोह 8 जून को

**गोहाना।** आर्य समाज गोहाना मंडी का मासिक वैदिक सत्संग समारोह 8 जून को आयोजित होगा। समारोह का शुभारंभ प्रातः 8 बजे हवन के साथ होगा और 11 बजे तक चलेगा। मुख्य वक्ता पानीपत से आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री होंगे। सत्संग समारोह आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल भनवाला की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

### चोरी के मोबाइल फोन सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना महिला खानपुर की पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनीपत के रामनगर निवासी सोनू पुत्र आजाद है। 4 जून को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना महिला खानपुर में शिकायत दी कि 2 मई को वह अपने बेटे की पत्नी को ईलाज के लिए खानपुर मेडिकल में लेकर आई थी। उसकी बेटी अस्पताल के वार्ड 1 में दाखिल थी। सुबह उसकी पुत्रवधु सोई हुई थी और वह बाहर चाय लेने के लिए गई थी। महिला के अनुसार उसी दिन किसी अज्ञात ने उसकी पुत्रवधू का मोबाइल फोन चोरी कर लिया।



### तिरंगा वीर को सम्मान में मिला चांदी का सिक्का

**सोनीपत।** तिरंगा सम्मान संकल्प मुहिम में सोनीपत में सबसे अधिक 2001 खण्डित राष्ट्रीय ध्वजों को सम्मान सहित उतारने वाले तिरंगा वीर रामबीर शर्मा को सेक्टर 14 मार्केट के प्रधान राजू वर्मा ने चांदी का सिक्का व तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। बता दें कि इस मुहिम के तहत अब तक 9692 से अधिक 5 जिलों के तिरंगा वीरों द्वारा खण्डित ध्वजों को नगर निगमों में जमा करवाया जा चुका है।

### युवती को झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि ठगी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 की रहने वाली युवती को टास्क पूरा कर कमाई का झांसा देकर 1.98 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग उसके हाथ लग सके। सेक्टर-15 निवासी शिवानी ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करती है।

### दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विश्वेंद्र उर्फ अंकित निवासी शामली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक लड़की ने गत चार जून को मोहाना थाना पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कॉलेज की छात्र है।

---

एक साल से ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की सड़क कच्ची पड़ी थी

# अगवानपुर रोड पर ओवरब्रिज के सर्विस रोड का कार्य शुरू

वर्षा के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लंबे समय से अधूरे पड़े अगवानपुर रोड कर तरफ निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण कार्य अब शुरू हो गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा सर्विस रोड की मिट्टी को समतल करने का कार्य किया जा चुका है और अब ब्लाक लगाकर पक्की सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क के बनते ही अगवानपुर, पांची, पुरखास, भोगीपुर, उदेशीपुर समेत कई गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले करीब एक साल से अगवानपुर रोड की तरफ निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की सड़क कच्ची पड़ी थी, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर वर्षा के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाता था, जिस कारण कई बार वाहन फंस जाते थे और राहगीरों को चोटें भी आई थीं। ओवरब्रिज से बाहर निकले लोहे के सरिये भी हादसों को न्यौता दे रहे थे।



**गन्नौर।** सर्विस रोड पर मिट्टी को समतल करती जेसीबी।

#### एसडीएम ने दिए थे आदेश

एसडीएम प्रवेश कादियान ने पिछले दिनों अगवानपुर रोड का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने पाया कि सर्विस रोड बुरी तरह से उखाड़ कर छोड़ रखा है। इस पर एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए एचएसआरडीसी को निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने अश्वासन दिया था सीवर लाइन दबने के बाद सड़क निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

#### जल्द बनाया जाएगा रोड

एचएसआरडीसी के एसडीओ रविंद्र कादियान ने बताया कि सड़क निर्माण में देरी इसलिए हुई क्योंकि सर्विस रोड के नीचे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की लाइन दबाई जानी थी। अब सीवर लाइन दबाई जा चुका है और सड़क समतलीकरण का कार्य पूरा किया जा रहा है। आगामी कुछ दिनों में ब्लाक बिछाकर सड़क तैयार कर दी जाएगी।

---

## समाज व देश की तरक्की के लिए किसान की तरक्की बहुत जरूरी : विधायक कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** किसान संवाद कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते

शेखपुरा गांव में शुक्रवार को किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान कादियान ने मुख्य अतिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में पहुंचने पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने विधायक देवेंद्र कादियान का स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने संबोधित करते हुए कहा की किसान देश की रीड की हड्डी है, हरियाणा कृषि प्रधान देश है और हमारी अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। समाज व देश की तरक्की के लिए किसान की तरक्की जरूरी है। विधायक कादियान ने कहा कि जल्दी ही गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय फल व सब्जी मंडी शुरू होगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा । उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई किसान जागरूकता मुहिम की सराहना की और कहा कि वैज्ञानिक गांव में जाकर किसानों से मिल रहे हैं और उनकी समस्या व सुझाव सुन रहे हैं । उन्होंने अपने सामने ही किसानों के वैज्ञानिकों से सवाल जवाब कराए और कहा कि किसानों से जुड़ी मांगे व मुद्दे विधानसभा में सरकार के समक्ष रख रहे हैं। अभियान में पूसा नई दिल्ली की टीम, कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत व कृषि विभाग के अधिकारियों ने शेखपुरा, डबरपुर व भोरा रसूलपुर गांव के किसानों के साथ संवाद किया। पूसा के वैज्ञानिक डॉक्टर दीपा कामिल, डॉक्टर दिलीप कुशवाहा, डॉक्टर डीसी मीणा ने किसानों को कृषि की नई तकनीक को नए बीजों व बीमारियों की रोकथाम व उपचार के बारे में बताया और पूसा इंस्टिट्यूट में आने का भी किसानों से अनुरोध करते हुए बताया कि संस्थान में समय-समय पर किसान मेले का आयोजन होता रहता , जहां पर नए बीज, नई तकनीक की किसानों को जानकारी मिलती है और किसान बीज भी खरीद सकते हैं । निदेशक डॉ विजयपाल उद्यान विश्वविद्यालय करनाल ने विशिष्ट अतिथि शिरकत करते हुए बताया कि किसानों को उद्यान विभाग की विभिन्न स्कीमों की जानकारी होनी चाहिए । इससे किसान लाभ उठा सकते हैं। मशरूम प्रशिक्षण केंद्र मुरथल के डॉक्टर अजय ने भी किसानों से संवाद किया। कृषि विभाग गन्नौर के उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ संदीप वर्मा, कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल सैनी, खंड कृषि अधिकारी डॉक्टर आनंद सिंह, कृषि विकास अधिकारी डॉक्टर विनयकांत ने किसानों को धान की सीधी बिजाई करने व फसल विधिकरण व किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। डॉ संदीप वर्मा ने मृदा की जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के डॉक्टर परमिंदर मलिक ने प्राकृतिक खेती के फायदे बताए व किसानों से जहर मुक्त खेती करने का अनुरोध किया। इस मौके पर बागवानी विभाग से राहुल सांगवान, दिनेश, हेमंत कौशिक, लक्ष्मण, देवेंद्र सरपंच ,कर्मवीर सरपंच शेखपुरा व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

---

## जनता शिक्षण संस्थाओं के अजीत बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** अजीत सांगवान को सम्मानित करते हुए भाजपा नेता बिजेंद्र मलिक, प्रदीप सांगवान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को जनता शिक्षण संस्थाओं का चुनाव सम्पन्न हो गया। चुनाव में अजीत सांगवान अध्यक्ष चुने गए। बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान के गोहाना में स्थित कार्यालय में अजीत सांगवान का सम्मान किया गया। समारोह में भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक व प्रदीप सांगवान सहित अन्य ने उनको बधाई दी। चुनाव में अजीत सांगवान को 40 तो प्रतिद्वंद्वी सतपाल को 15 वोट मिले। 25 वोट अधिक मिलने पर अजीत सांगवान को अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव में 38 वोटों के साथ महिपाल मोर को उपाध्यक्ष चुना गया। उनके प्रतिद्वंद्वी पप्पू को 17 मिले। सचिव पद के लिए रामनिवास पांचाल और रानी मैदान में थे। चुनाव में 35 वोटों के साथ रामनिवास सांगवान को सचिव चुना गया तो रानी को 20 वोट हासिल हुए। सह सचिव पद के चुनाव में कृष्ण सांगवान ने 42 और उनके प्रतिद्वंद्वी रामचंद्र ने 13 वोट प्राप्त किए। 29 वोटों की बढ़त के साथ कृष्ण सांगवान सह सचिव चुने गए। 38 वोटों के साथ राजेंद्र कुंडू कोषाध्यक्ष चुने गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी आजाद बांगड़ को 21 वोटों से हराया। चुनाव में वेदपाल, संजीत, दलीप, संदीप, संदीप लठवाल व राममेहर गंगाना सदस्य चुने गए। इस मौके पर जितेन्द्र शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, आजाद जागसी व प्रदीप खरब आदि उपस्थित रहे।

---

## पौधों के प्रति बचपन से लगाव, हरियाली और उनकी सुंदरता बहुत पसंद ने हरा भरा बनाया स्कूल प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





**गन्नौर।** स्कूल प्राचार्य विवेक व इको क्लब इंचार्ज मनीषा स्कूल प्रांगण मैं हरियाली बढ़ाने को लेकर चर्चा करते हुए व ईको क्लब इंचार्ज मनीष मालिक त्रिवेणी लगाते हुए । फोटो : हरिभूमि

दतौली गांव के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब के इंचार्ज मनीषा मालिक ने स्कूल को हरा-भरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर पर्यावरण दिवस जैसे विशेष अवसरों पर। इको क्लब के माध्यम से स्कूल परिसर में पेड़-पौधे लगाए गए, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया।

इको क्लब की इंचार्ज मनीष मलिक ने स्कूल में फैली हरियाली को लेकर इसके लिए इको क्लब के अध्यक्ष व स्कूल प्राचार्य विवेक शर्मा की सराहना की। उन्होंने बताया कि इको क्लब अध्यक्ष ने स्कूल में पूरी तरह से हरियाली होने का आदेश करते हुए पूरा बजट पौधों पर खर्च ने वह कम रहने पर अपनी तरफ से भी लगाने के लिए कहा और उसमें पूरा सहयोग किया । क्लब की इंचार्ज मनीष मलिक ने बताया कि स्कूल में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका क्लब निभा रहा है। इको क्लब द्वारा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण, सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। स्कूल परिसर में पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाया है। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए निबंध प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिता करवाई है।

---



**गन्नौर।** निर्जला एकादशी पर समाजसेवी अंकित मल्होत्रा मीठे पानी की छबील की शुरुआत करते हुए । फोटो : हरिभूमि

## निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील लगाना बहुत ही पुण्य का काम : अंकित मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को अखिल भारतीय संकीर्तन मंडल द्वारा रेलवे रोड पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को पानी पिलाया ।

छबील की शुरुआत समाजसेवी अंकित मल्होत्रा ने राहगीरों को पानी पिलाकर की। मल्होत्रा का पहुंचने पर मंडल के पदाधिकारी ने फूलमालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी अंकित मल्होत्रा ने मंडल द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निर्जला एकादशी के पावन अवसर छबील का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय काम है । हिदू धर्म में निर्जला एकादशी व्रत का बहुत महत्व है। वर्ष में 24 एकादशी आती हैं। जेष्ठ शुक्ल की निर्जल एकादशी ज्यादा फलदायी है।

### मोबाइल व नकदी छीनने के दो दोषियों को पांच-पांच साल की कैद

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में मोबाइल व नकदी छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा की अदालत ने दोषियों को पांच-पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव रनसागरा टीकमगढ़ मध्य प्रदेश निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि वह छह जुलाई 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह भिवानी की एक निजी कंपनी में कार्यरत है।

---

### विधायक ने गढ़ी सिसाना में किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने गढ़ी सिसाना गांव में ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन व बीसी चौपाल की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की नियत गांव से लेकर शहर तक प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए सुविधा प्रदान करना है। लाइब्रेरी 10 लाख रुपए की लागत से गांव को समर्पित की गई है। जिसके खुलने से पाठकों को काफी लाभ होगा। इसके अलावा गांव में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत से बीसी चौपाल बनाई जाएगी। जिसकी आधारशिला रखी गई है और निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संतुलित करने में अपना अहम योगदान दें।



**खरखौदा।** ई लाइब्रेरी का उद्घाटन करते विधायक।

### सिंगल यूज प्लास्टिक सामान विशेषरूप से कैरी बैग न बेचने का आह्वान




**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित मेयर साथ में दुकानदार।

**सोनीपत।** प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर शहर के सिंगल यूज प्लास्टिक सामान विक्रेताओं की बैठक नगर निगम कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त हर्षित कुमार ने दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक विशेषकर कैरी बैग ना बेचने का आग्रह किया। राजीव जैन ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक सामान को बंद करना है, इसलिए नगर निगम सख्ती करने की बजाये आपसी रजामंदी से इस अभियान को सफल बनाने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कैरी बैग की बजाये ज्यादा से ज्यादा जूट के बैग बेचने शुरू करो ताकि प्लास्टिक थैलियां खत्म हो सकें। आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि प्लास्टिक थैलियों के कारण पर्यावरण खराब हो रहा है, सड़कों पर गंदगी दिखाई देती है और सीवरज जाम हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार कि नीति अनुसार केवल 120 मिली मीटर माइक्रो वाली थैली ही यूज कर सकते हैं जो अपने आप गल जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान जन सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता। बैठक में सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया, दुकानदार राकेश, मामचंद, पार्थ, हरिहन्त, ओमप्रकाश, निखिल, योगश, राधेश्याम, विक्रम, नरेश आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाकर दिया नव दंपति को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर ।** शिव मंदिर सनातन धर्म सभा व लायन क्लब गन्नौर के पदाधिकारी नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए ।

श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा (रजिस्टर्ड) व लायन क्लब गन्नौर द्वारा संयुक्त रूप से एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सम्पन्न करवाया। शिव मंदिर सनातन धर्म सभा के प्रधान व नगरपालिका के अध्यक्ष अरूण त्यागी, जनपद 321ए 2 के मास मैरिज अध्यक्ष विपिन त्यागी एमजेएफ ने कन्या को जरूरत का सामान देकर वर वधु को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। विपिन त्यागी एम जे एफ ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान से कामना करता हूं कि उनका वैवाहिक जीवन सुखी और समृद्ध हो।

मैं उन सभी लोगों का भी आभार करूंगा, जिन्होंने जरूरतमंद लड़की की शादी में सहयोग किया है। आपका सहयोग इस लड़की के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत करने में मदद करेगा। इस मौके लायन क्लब गनौर के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, राजेश शर्मा, जोन चेयरमैन हरविंदर त्यागी, पार्षद शमशेर सैनी विकास भगवती, सुशील त्यागी मनीष बंसल, सुरेश भूटानी, दीपक गोयल, संजीव सोबती, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पीतांजलि, रोहित त्यागी, जयपाल शर्मा, गौरव त्यागी, विजय कुमार के अलावा मंदिर की महिला मंडली का भी विशेष सहयोग रहा।

---

विधायक का बाबा गोरखनाथ जयंती के उपलक्ष्य के सफल आयोजन पर योगी समाज ने जताया आभार

# विधायक गहलावत ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत का योगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गणमान्य लोग आभार व्यक्त करते हुए ।

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को हलके के लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में पेयजल समस्या व गंदे पानी की निकासी को लेकर हलके के लोगों ने समाधान की मांग की जिस पर विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की और समाधान के आदेश दिए । जनता दरबार में बहालगढ़ पंचायत की तरफ से सरपंच राजेश ने बताया कि बहालगढ़ में सबसे बड़ी समस्या पर पेयजल की है, गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए सरकारी ट्यूबल से जो पेयजल की आपूर्ति हो रही है उनका पानी बिल्कुल भी पीने योग्य नहीं है , पानी का टीडीएस इतना बढ़ा हुआ है कि वह बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है और बहुत गर्म पानी आता है । सरपंच ने विधायक को बताया कि बहालगढ़ में न तो सीवर लाइन है, गांव में सीवर लाइन न होने के कारण गंदगी नालियों में बहती रहती है, जिसे लोगों का गलियों से भी निकलना मुश्किल हो जाता है। पतला गांव छोटू , सीताराम, सतबीर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव के जरूरतमंद लोगों के लिए आवास दिलाने , बिंदरौली के ग्रामीणों ने गांव में पार्क बनवाने की मांग की । मचरोला के ग्रामीण ने गांव में अंबेडकर भवन बनवाने की मांग की व धर्मवीर ,जयवीर ने गांव में फिरनी के निर्माण की भी मांग की । इस मौके पर संजय सरपंच , सरपंच जगदीशपुर ,सरपंच बहालगढ़ चांद मुरथल, रविंद्र दिलावर, आनंद पहलवान, सचिन जाटजोशी, नरेंद्र वर्मा , अमरजीत, शीलू , प्रमोद, पंडित सतपाल , प्रकाश आंतिल, प्रवेश सेवली आदि लोग मौजूद थे ।

#### विधायक को शाल देकर किया सम्मानित

योगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष योगी व महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सीमा योगी ने सैकड़ो समाज के गणमान्य लोगों के साथ पहुंचकर विधायक का सीमा जोगी ने समाज के गणमान्य लोगों के साथ पहुंचकर गोरखनाथ जयंती के उपलक्ष्य के सफल आयोजन पर योगी समाज ने जताया विधायक का आभार। विधायक कृष्णा गहलावत ने समाज के पदाधिकारियो का अपनी तरफ से शाल देकर सम्मान किया। योगी समाज की तरफ से विधायक को जन समस्याओं के समाधान की मांग की। विधायक ने कुछ समस्याओं का तुरंत अधिकारियों से बात कर समाधान करवाया तो कुछ समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया ।